

## एक नजर

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद आज आयेंगे

सोहागपुर8 मार्च ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का 9 मार्च को सोहागपुर आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर वे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

समाजसेवी हरगोविंद पुरबिया ने बताया कि शंकराचार्य जी की जनसभा का आयोजन पुराने थाने के पीछे मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह आज से

**नर्मदापुरम,8 मार्च** स्थानीय सत्संग चौक, सेठानी घाट पर दिनांक 9 मार्च से पांच दिवसीय पंडित रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का शुभारंभ होने जा रहा है जो कि 13 मार्च शुक्रवार तक चलेगा समारोह के 49 वें वर्ष में भागलपुर(बिहार) से मानस कोकिला श्रीमती कृष्णा देवी मिश्रा प्रवचन हेतु पधार रहीं है । इस वर्ष आपके प्रवचन का केंद्रीय विषय विभीषण शरणागति है जिस पर आप अपने पांच दिवसीय प्रवचनों को केन्द्रीत होगें ।अपनी मधुर वाणी में मानस की चौपाइयां एवं भजनों के सर मधुर गायन के माध्यम से आप नगर के धर्म प्रेमियों के मध्य अपना विशिष्ट स्थान रखती है।

# रंगपंचमी धूमधाम से मनाई, दिनभर नाचते-गाते रहे युवा

सिवनी मालवा ,8 मार्च 6, नगर में रंगपंचमी का पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर सहित आसपास के ग्रामों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही बच्चे और युवा रंगों में सराबोर नजर आए और दिनभर गानों की धुन पर नाचते-गाते हुए रंगपंचमी की मस्ती का पूरा आनंद लिया।

नगर की गलियों और मुख्य मार्गों पर युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल उड़ाते हुए होली के गीतों और फिल्मी गानों पर झूमती दिखाई दीं। युवाओं ने ठिठोली करते हुए एक-दूसरे को रंग लगाया और जमकर नृत्य किया। रंगों से सराबोर युवक-युवतियां पूरे दिन उत्सव के रंग में डूबे नजर आए।रंगपंचमी के अवसर पर सनातन समाज द्वारा सनातनी फाग उत्सव का भी आयोजन किया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से भव्य फाग रैली निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए रंग-गुलाल उड़ाते चले।

यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां एक-दूसरे को रंग लगाकर और बधाई देते हुए रैली का समापन किया गया।

सुबह से बच्चों ने जमकर रंग खेला, वहीं दोपहर बाद युवाओं की टोलियां नगर में निकल पड़ीं। मुख्य मार्गों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में भी लोग होली के गीतों पर झूमते नजर आए। युवा सजग मंडल सदस्य एवं पार्षद ईश्वदास जमींदार के नेतृत्व में युवाओं की टोली वार्डों में घूमते हुए नाचते-गाते रंगपंचमी का उत्सव मनाती रही। दर्जनों युवाओं ने मुख्य मार्ग पर पहुंचकर नागरिकों को रंग-गुलाल का टीका लगाया और मित्रों के साथ होली खेली।

पार्षद ईश्वदास जमींदार ने बताया कि होली और रंगपंचमी ऐसा त्योहार है जो लोगों के बीच के गिले-शिकवे मिटाकर आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाता है। यह पर्व हमेशा मीठी और यादगार यादें छोड़ जाता है। नगर में इस प्रकार के आयोजन समाज में समरसता और मित्रता के भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से किए जाते हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार हर वर्ष रंग-बिरंगे रंगों और गुलाल के साथ यह उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाता है।

## फूलों में सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा



**हरदा -,8 मार्च नससे.** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा सीताराम मैरिज गार्डन में फाग महोत्सव मनाया गया।इस दौरान मथुरा वृन्दावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली,बरसाना की लट्ठ मार होली,नृत्य प्रस्तुति विशेष रहे।कार्यक्रम की शुरुआत राम रक्षा स्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ से हुई।इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान परशुराम का पूजन किया गया।इस दौरान संत हनुमानदास महाराज,संत सीताराम दास,संत भरतदास चित्रकूट,संत विश्राम दास,संत अविराम दास विशेष रूप से उपस्थित थे।संगठन के मुख्य पदाधिकारियों,युवा एवं महिला टीम ने संतो का सम्मान कर आशीर्वाद लिया,इस दौरान कर्मकांडी ब्राह्मणों का भी स्वागत किया गया।वहीं युवा टीम के सदस्यों ने गुलाल लगाकर अतिथियों का स्वागत किया।स्वागत उद्बोधन संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने दिया।संचालन महामंत्री लोकेश शर्मा ने किया।अंत में आभार राजेंद्र शर्मा एवं दीपक शुक्ला ने व्यक्त किया।इस दौरान अध्यक्ष सुनील तिवारी,कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित,संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला,कोषाध्यक्ष गजानंद डाले,महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया, उपाध्यक्ष रोहित तिवारी,संयोजक नितेश बादर, मिडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर,नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला,युवा अध्यक्ष विवेक बादर, सुदीप मंडलोई, सचिव नवीन शर्मा,महिला अध्यक्ष विनीता राजोरिया,सचिव अदिति गुरु सहित समाजजन उपस्थित रहे।




## रंग पंचमी पर निकली गैर, टैंकर से हुई रंगीन पानी की बौछार

**हरदा,8 मार्च नससे.**जिले में रविवार को रंगपंचमी का पर्व उत्साह और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस मौके पर सकल हिंदू समाज और हिंदू जागरण मंच की ओर से शहर में गैर निकाली गई। हुलियारों की टोली ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और नगर पालिका के टैंकरों से हुई पानी की बौछारों के बीच डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी सामूहिक फाग उत्सव का आयोजन किया गया। त्योहार के चलते शहर के बाजार पूरी तरह बंद रहे।

धर्म जागरण मंच के श्याम शर्मा ने बताया कि सकल हिंदू समाज द्वारा जो गैर निकाली गई वह रविवार को गोविंद कुंज गुर्जर बोर्डिंग के सामने से शुरू हुई और शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शिवाजी चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल युवाओं नेभारत माता और जय श्री राम के नारे लगाए।

त्योहार पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट पर रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि शहर के प्रमुख तिराहों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस के अलावा राजस्व विभाग के पटवारी, आरआई, कोटवार और होमगार्ड के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। संवेदनशील और धार्मिक स्थलों पर विशेष चौकसी बरती गई और सुरक्षा के लिहाज से कैमरों से भी सतत निगरानी की गई।

## हिंदू महिला शक्ति संस्था ने फाग उत्सव मनाया

**पिपरिया ,8 मार्च नससे.** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में हिंदू महिला शक्ति संस्था द्वारा सानवी ग्रुप के तले फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया

हिंदू महिला शक्ति की संस्थापिका उपासना प्रशांत तिवारी द्वाराफाग उत्सव अवसर पर कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है उन्हें सम्मानित किया गया साथ ही महिला पुलिस जो दिन-रात समाज के लिए योगदान देते रहते हैं उनका भी सम्मान किया गया ।

सिविल जज सुरभि कटकवार ,महिला पुलिस से मोनिका सिंह , रेखा मुनिया ,इशिका दुबे, वंदना उइके , नगरपालिका अध्यक्ष नीना नागपाल पाल ,,सीमा पटेल , जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता पटेल ,रेखा शर्मा, सखी मंच से शैल शुक्ला शारदा शुक्ला, अमृता सेवा समिति से मीरा गढ़वाल ,ममता नागोत्रा ,रेखा राठौड़ ,रुचिका मालपानी, रीना शर्मा, हिंदू महिला शक्ति से निकिता दुबे, सहयोग संस्था से नीरजा पालीवाल ,वृक्ष सेवा समिति से किरण राज सविता राज उपस्थित रहे।




## रंग तरंग कवि सम्मेलन में 14 सेवाभावी सम्मानित हुए

**इटारसी,8 मार्च नससे1** कला साहित्य संस्कृत मंच द्वारा रंग पंचमी के पावन पर्व आयोजित अखिल भारतीय रंग तरंग कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने अपनी ओज हास्य और देशभक्ति से भरी कविताओं से सैकड़ों काव्य रसिक श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर करतल ध्वनि करने पर विवश कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत मंचासीन हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार कवि रामकिशोर नाविक ने की।स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम संयोजक एवं नगर पालिका स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव ने किया।कवि सम्मेलन का आरंभ गीत गजलकार चेतन जोशी कांटा फोड़ की रचना गांजा,चरस या भांग को पाने के वास्ते, लोगों मेरे शंकर का दुष्प्रचार मत करो। हास्य व्यंग गोविंद शर्मा रंग लगाने वालों से प्रेम से रंग लगवाएं लेकिन रंग बदलने वालों से दूरी बनाएं । वीर रस विजय गिरी बारूद समस्तीपुर बिहार कलम के सामने परमाणु बम भी टिक नहीं पाते, किसी हथियार से पैनी कलम की धार होती है।गीत गजलकार लता मानेकर जमशेदपुर झारखंडउनके हृदय में राम होते हैं जो दंभ स्वार्थ को तजने वाले, करो राम सा काम,नाशकर अपने भीतर के रावण का। हास्य व्यंग सुनील समैया बीना यह लोग सियासी है, सिर्फ यूज करेंगे क्यों ऐसे भिखारी के घर तू मांगने गया ।गीत गजल कार सतीश शमी पथरौटा हमको अगर बिगड़ी हुई तकदीर गर बनाना है, तो पहले मां-बाप के चरणों में सर झुकाना है। हास्य व्यंग संदीप मदन गुरु बुधनी= दुख तकलीफ हताशा लालसा कुछ भी हो लाल की, अंतरयामी से कम नहीं पिता सब जान लेते हैं। रामकिशोर नाविक इटारसी नैन अपने छुरी ना करो,देह में सुरसुरी ना करो, इन मसूड़ों की अरदास है ,पपड़ियां कुरकुरी ना करो। कवि सम्मेलन संचालन कर्ता बीके पटेल जीवन के रास्ते पर चलना संभल संभल कर, उठाना बहुत है मुश्किल नजरों से गिर गए तो।कार्यक्रम का संचालन राम चरण नामदेव ने किया एवं आभार समिति अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने माना। कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवान दास बेधडक,अखिलेश दुबे राजेंद्र दुबे, सुनील दुबे,विजय राव नाईक,राजेश व्यास,रूपेंद्र सोलंकी, संदीप सोनकर,सुरेश कुमार चिमानिया का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।

कार्यक्रम में 14 विशिष्ट सेवाभावी जनों डॉ विनोद कुमार सीरिया, डॉक्टर पीएम पहारिया,गोपाल सिध्दवानी, अशोक अग्रवाल,रमेश चांडक,एडवोकेट रघुवंश पांडे, सुश्री श्री चंद्रप्रभा ठाकुर, नीरज सिंह चौहान, संदीप जैन, जाफर सिद्दकी, मध्य प्रदेश रक्तदान सेवा ग्रुप कर भला तो हो भल ग्रुप एवं सेस्टो बाल खेल टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल पाने वाले वेदांत पटेल सम्मानित हुए।

16स्थानीय कवियों रूपेंद्र गौर, गुलाब भूमरकर,आलोक शुक्ला, मदन तन्हाई,कमल पटेल, सतीश पाराशर, प्रमिला किरण,स्वर्णलताछैनिया , ममता बाजपेई, मोहम्मद आफाक, नीरज चौधरी भगवान दास बेधड़क ,तरुण तिवारी तरुण, अविनेश चंद्रवंशी, विनय चौरे एवं विकास उपाध्याय को काव्यश्री सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## महिला दिवस पर हुआ स्वास्थ परीक्षण

**हरदा,8 मार्च म**ध्य प्रदेश वैश्य सम्मेलन महिला इकाई हरदा,अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मध्य प्रदेश हरदा शाखा एवं मध्यपदेश अग्रवाल महिला महासभा जिला हरदा के संयुक्त तत्वाध्यान में महिला दिवस मनाया गया.

कार्यक्रम में महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ परिक्षण किया गया एवं नारी का अस्तित्व ही सुन्दर जीवन का आधार है इस बात को ध्येय बनाकरमहिला सम्मान समारोह रखा गया।मुख्य अर्तिथि के रूप पधारी महिला प्रसूति विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेरणा धमनानी ने महिलाओं को स्वास्थ के प्रति सचेत रहने एवं माहवारी सम्बंधी समस्या एवं केंसर जैसे घातक रोगों के विषय में जानकारी दें एवं अपनी टीम से निशुल्क ब्लड प्रेशर व शुगर जांच करवाई।साथ ही समस्त समाज के अध्यक्षों का सम्मान श्री फल , माला व गिफ्ट से किया ।वरिष्ठ अतिथि के रूप में वैश्य समाज संरक्षिका श्रीमति मालती खंडेलवाल उपस्थित रहीं.वैश्य हरदा जिला प्रभारी श्रीमति उषा गोयल ने प्रत्येक महिला को अपने बच्चों अच्छे संस्कार एवं उत्तम शिक्षा प्रदान करना चाहिये ताकि उत्तम समाज की संरचना हो सके। अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन मध्य प्रदेश पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं महासभा के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती माया सिंहल ने कहा कि नारी गौरव है , अभिमान है नारी ने ही रचा विधान है . महिला महासभा संभागीय अध्यक्ष श्रीमती आभा अग्रवाल ने मंच संचालन किया.

## नरवाई जलाने पर जुर्माना अपनाएं आधुनिक तरीके

**नर्मदापुरम, 8,मार्च,**कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में फसल अवशेष न जलाएं। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होता है और भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, नरवाई जलाने से मिट्टी के मित्र कीट नष्ट होते हैं और भूमि सख्त हो जाती है।

जिसमें नरवाई जलाने के नुकसान वायु प्रदूषण बढ़ता है, पोषक तत्व नष्ट होते हैं, अग्नि दुर्घटनाएं हो सकती हैं जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विभाग ने किसानों को नरवाई के बेहतर प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की सलाह दी है जिसमें किसान हैप्पी सीडर/सुपर सीडर का उपयोग, मल्चर और रोटावेटर का उपयोग एवं वेस्ट डीकंपोजर का छिड़काव करें। बताया गया कि यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी और जोत की श्रेणी के अनुसार 02 एकड़ से कम 2,500 रुपये, 02-05 एकड़ 5,000 रुपये एवं 05 एकड़ से अधिक 15,000 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।

### सर्वोदय साहित्यकार मंच रंग पंचमी पर कार्यक्रम हुआ


**पिपरिया,8 मार्च नससे.** सर्वोदय साहित्यकार मंच द्वारा होली रंग पंचमी पर हंसी के गुब्बारे हास्य कार्यक्रम मनाया गया ।होली रंग पंचमी अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आनंद प्रकाश शर्मा मौजूद रहे कार्यक्रम में टेंपा उपाधि सम्मान हेतु पहले किसी कवि को चुना जाना फिर उसे टेंपा टोपी पहनाया जाना साथ हीं संबंधित कवि से हास्य व्यंग कविता का सुना जाना बेहद रोचक अनुभव रहा। इस मौके पर आनंद प्रकाश शर्मा मुकेश पुरोहित ने गणेश जी हास्य कविता प्रस्तुत की, अंजु जाटव, भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष स्वामी, वेदप्रकाश व्यास, अनीता बाथरे, स्वामी ,शशी मालवीय पप्पू आम्रवंशी ने कविता पाठ किया.

## महिलाओं को दिया त्याग और समर्पण का संदेश

**इटारसी,8 मार्च** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इवेंजिलीकल लूथरन चर्च में रविवार की नियमित आराधना के साथ महिलाओं के लिए विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

इस दौरान चर्च के पासवान रेवरेंट राहुल दास ने बाइबल पर आधारित संदेश देते हुए महिलाओं के योगदान, समर्पण, त्याग और प्रेम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी प्रेम, शक्ति, धैर्य और त्याग का अद्भुत स्वरूप है। वह न केवल जीवन को संस्कारित करती है, बल्कि परिवार और समाज को भी नई दिशा देती है। कार्यक्रम में चर्च के संडे स्कूल के बच्चों, युवक-युवती संघ और भ्राता समाज के सदस्यों ने महिलाओं का सम्मान किया और महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर फ्रेंड्स चर्चमें भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां चर्च में आने वाली सभी महिलाओं का पुष्पगुच्छ और उपहार देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने विश्व शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया।



## हनुमान धाम में खेली फूलों की होली

**इटारसी,8 मार्च न**गर में रंग पंचमी की पूर्व संध्या पर शहर के प्रसिद्ध हनुमान धाम मंदिर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करते हुए ब्रज की तर्ज पर फूलों की होली खेली.मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे और भजन-कीर्तन के बीच भगवान हनुमान की आराधना की गई। इस दौरान गुलाल और पुष्पों की वर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।भक्तों ने एक-दूसरे को फूल और रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भक्ति, आनंद और उल्लास का ऐसा माहौल बना कि हर कोई इस दिव्य उत्सव में पूरी तरह रंग गया।फूलों की होली के इस आयोजन ने ब्रज की पारंपरिक होली की याद दिला दी और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

## निशान चढ़ाकर किया हरदौल बाबा मेले का शुभारंभ

सिवनी मालवा ,8 मार्च ,सिवनी मालवा नगर के मध्य स्थित प्रसिद्ध हरदौल बाबा मेले का शुभारंभ रंगपंचमी के अवसर पर पारंपरिक विधि-विधान के साथ किया गया। मेले की शुरुआत निशान चढ़ाकर और हरदौल बाबा की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

प्राचीन राधाकृष्ण रामजानकी मंदिर से मंदिर ट्रस्टी पंडित अवधेशानंद तिवारी के नेतृत्व में ट्रस्ट सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरदौल बाबा मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा हरदौल को निशान अर्पित किया गया और नगर की सुख-समृद्धि की कामना की गई।हरदौल बाबा मैदान में रंगपंचमी से लगने वाला यह मेला नगर का प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है। मेले में दूर-दूर से व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां बच्चों और युवाओं के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, खेल और अन्य आकर्षण भी लगाए जाते हैं, जिससे मेले में पूरे समय रौनक बनी रहती है।

सिवनी मालवा में पुरानी परंपराओं और लोक कथाओं का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यहां लोग हर शुभ कार्य से पहले राजा हरदौल को निमंत्रण देना नहीं भूलते। मान्यता है कि ओरछा के राजा हरदौल को विवाह, यज्ञ, भंडारा या अन्य धार्मिक आयोजनों से पहले निमंत्रण देने से आयोजन में किसी प्रकार की कमी नहीं रहती और सब कुछ मंगलमय होता है।

मंदिर ट्रस्टी पंडित अवधेशानंद तिवारी एवं पंडित यज्ञश तिवारी ने बताया कि सिवनी मालवा का हरदौल बाबा मेला क्षेत्र का अत्यंत प्रसिद्ध और आस्था का केंद्र है।

## सोने चांदी के जेवरात सहित शातिर चोर जीआरपी ने पकड़ा

**पिपरिया ,8 मार्च नससे.** जीआरपी पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले को पकड़ा। रेलवे उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधियो की धरपकड एवं चोरी गये मशरूका की अधिक से अधिक बरामदगी हेतु विशेष अभियान के दौरान घटना दिनांक 12/04/2025 को फरियादिया रंजना कहार पति रघुनंदन कहार उम्र 42 साल निवासी निरंजन वार्ड थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर की ट्रेन 11271 विन्ध्यांचल के जनरल कोच में यात्रा के दौरान फरियादिया का किसी अज्ञात बदमाश व्दारा एक छोटा पर्स जिसके अंदर एक सोने का मंगलसूत्र जिसमे 18 गुरिया से गुथा हुआ, एक सोने की पांचाली, एक चांदी की पायल कीमती लगभग 1,15,000 रूपये का मशरूका चोरी कर लिया गया था रंजना कहार कि रिपोर्ट पर अपराध कायम किया जाकर विवेचना की गई .

विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर एक शातिर बदमाश बनखेडी स्टेशन पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा हैं सूचना पर से जीआरपी चौकी पिपरिया से चौकी प्रभारी की टीम ने रेलवे स्टेशन बनखेडी से मुखविर की निशादेही पर शातिर बदमाश को घेराबंदी कर पकडा गया जिसने अपना नाम राजू उर्फ लकडूनाथ सपेरा पिता तारानाथ सपेरा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बाचावानी थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम का बताया जिसे अभिरक्षा में लेकर चौकी के चोरी के अपराधो में पूछताछ की गई जिसने घटना दिनांक को फरियादिया रंजना कहार का एक पर्स जिसमे उपरोक्त मशरूका रखा हुआ था को ट्रेन विन्ध्यांचल एक्सप्रेस से ट्रेन के पिपरिया स्टेशन से चलने पर चोरी करना बताया एवं मशरूका को रेलवे स्टेशन बनखेडी में प्याऊ के पीछे छुपाकर रखना बताया जिसे आरोपी की निशादेही पर विधिवत जप्त किया गया आरोपी का पूर्व का अपराधिक रिकार्ड होने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया न्यायालय व्दारा आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल पिपरिया भेजा।

उक्त कार्यवाही में जीआरपी गाडरवारा एस आई एल.पी झारिया, चौकी प्रभारी जीआरपी पिपरिया एएसआई व्ही. पी. पासी, प्रधान आरक्षक योगेश पचौरी, आरक्षक संगीत इवने,शिवम सिंह राठौर, शिवप्रताप सिंह एवं रेल रक्षा समिति सदस्य राज सनस की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## 08 लाख 81 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम,8,मार्च,**जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीता सरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से इटारसी एवं नर्मदापुरम के 139 हितग्रहियों के लिए 08 लाख 81 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।


### जाहिर सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 545397298453 एवं दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम बसंत कुमार (BASANT KUMAR) पिता का नाम श्री टीकाराम (SHRI TEEKA RAM) एवं माता का नाम श्रीमती कुंती (SMT. KUNTI) दर्ज है जो सत्य व सही है। जबकि मेरी कक्षा 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम मास्टर बसंत (MASTER BASANT) पिता का नाम टीकाराम (TIKA RAM) एवं माता का नाम कुंती देवी (KUNTI DEVI) दर्ज है जो कि गलत है मैं अपनी कक्षा 12वीं की अंकसूची में मेरा नाम बसंत कुमार (BASANT KUMAR) पिता का नाम श्री टीकाराम (SHRI TEEKA RAM) एवं माता का नाम श्रीमती कुंती (SMT. KUNTI) दर्ज करवाना चाहता हूँ।

भवदीय
बसंत कुमार
आत्मज श्री टीकाराम
निवासी 696 / 7 ग्लोबल सिटी
नर्मदापुरम (म.प्र.)
मो. 9977137564